तत्काल प्रकाशन हेतु
(प्रेस विज्ञप्ति सं.21/ 2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**
**नई दिल्ली**

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने स्पैम पर अंकुश लगाने और रीयल-टाइम नेटवर्क प्रदर्शन की जांच करने के लिए DND App और MySpeed App में संशोधन किया।

***विस्तारित बहुभाषी एक्सेस, सरलीकृत रिपोर्टिंग और रीयल वर्ल्ड टेस्टिंग की विशेषताएं समावेशी, डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि को सुदृढ़ करती हैं।***

**नई दिल्ली, 13 फरवरी 2026**: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज अपने नागरिक केंद्रित मोबाइल ऐप - **TRAI DND** और **TRAI MySpeed** के संशोधित संस्करणों की घोषणा की, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं को स्पैम संचार पर सक्रिय रूप से अंकुश लगाने, सेवा प्रदाता के प्रदर्शन को जानने और फीडबैक प्रस्तुत करने में सक्षम बनाना है।

भारत का दूरसंचार क्षेत्र आज **1.31 बिलियन से अधिक ग्राहकों** को सेवा प्रदान करता है, जिसमें **1 बिलियन से अधिक ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता** शामिल हैं। हर दिन अरबों वैध वॉयस कॉल और एसएमएस लेनदेन के बावजूद, स्पैम घटनाओं का केवल एक छोटा सा अंश औपचारिक रूप से रिपोर्ट किया जाता है। इन संशोधित प्लेटफार्मों के माध्यम से, भादूविप्रा ने **तकनीकी उपकरणों में सुधार किया है जो रिपोर्टिंग प्रक्रिया को सरल बनाते** हैं और सेवा की गुणवत्ता में योगदान करते हैं व बदले में नागरिकों को अधिक सशक्त बनाते हैं।

## TRAI DND एप्लिकेशन

इस वृद्धि का एक प्रमुख आकर्षण **TRAI** DND एप्लिकेशन का विस्तारित **बहुभाषी इंटरफेस**, भारत के विविध भाषाई परिदृश्य में पहुंच का विस्तार करना और स्पैम रिपोर्टिंग में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

संशोधित DND App निम्नांकित सुविधाएं प्रदान करता है:

- **सरलीकृत और फीचर रिच होम स्क्रीन** - स्पैम रिपोर्टिंग को आसान बनाने और शिकायत ट्रैकिंग के लिए
- ट्रैकिंग सहित कम चरणों में शिकायत का पंजीकरण **कम्प्लेंट रैफर्ड आईडी** के माध्यम से
- **अपने प्रेषक को जानें** - पंजीकृत हेडर और निर्दिष्ट 1600 नंबर श्रृंखला के बारे में जानने की सुविधा
- प्रचारात्मक संचार को अनुकूलित रूप (कस्टमाईज्ड तरीके) से रोकने हेतु DND प्राथमिकता प्रबंधन हेतु बेहतर इंटरफ़ेस
- **सिंगल और डुअल सिम हैंडसैट-** दोनो के लिए बेहतर सपोर्ट

वर्ष 2025 में, DND एप्लिकेशन के माध्यम से **17 लाख से अधिक स्पैम शिकायतें** दर्ज की गईं, जो सीधे विनियामक जांच तथा अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स और बार-बार अपराध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में योगदान देती हैं। यह प्लेटफॉर्म API के माध्यम से सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ सुरक्षित रूप से एकीकृत होता है, यह सुनिश्चित करता है कि ट्राई के विनियामक फ्रेमवर्क के अनुसार और निर्धारित समयसीमा में सर्विस प्रोवाईडर सिस्टम को शिकायतें भेजी जाएं।

भादूविप्रा सभी दूरसंचार उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करता है कि वे स्पैम कॉल और एसएमएस की रिपोर्ट करने के लिए DND एप्लिकेशन डाउनलोड करें और उसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। संरचित और समय पर रिपोर्टिंग, प्रवर्तन तंत्र को मजबूत करती है और देश भर में अवांछित वाणिज्यिक संचार को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों को सपोर्ट करती है।

**TRAI MySpeed एप्लिकेशन**

संशोधित **TRAI** MySpeed एप्लीकेशन उपभोक्ताओं को **रीयल वर्ल्ड उपयोग परिस्थितियों** के तहत सेवा प्रदाता के नेटवर्क का आकलन करने में सक्षम बनाता है ताकि सूचित विकल्प बनाया जा सके और गुणवत्ता की विनियामक समीक्षा के लिए फीडबैक प्रस्तुत किया जा सके।

App में डाउनलोड और अपलोड स्पीड मापने के अलावा, लेटेंसी, जिटर और पैकेट लौस को भी मापता है। App में निम्नांकित सुविधाएं शामिल हैं:

- **वीडियो स्ट्रीमिंग और वेब ब्राउज़िंग टेस्ट-** दैनिक उपयोग का अनुकरण करने के लिए
- उन्नत टेस्टिंग विकल्प, जो सतत टेस्ट, अनुसूचित टेस्ट प्रदान करते हैं, जो उपभोक्ताओं को किसी भी समय और भौगोलिक स्थानों में ड्राइव टेस्ट करने में सक्षम बनाते हैं।
- इंटरैक्टिव जीओस्पैटियल मैप्स के माध्यम से स्थान-आधारित ऐतिहासिक परिणाम

उपभोक्ता द्वारा शुरू किए गए परीक्षणों के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा को गोपनीय रखा जाता है और भादूविप्रा द्वारा अपने विनियामक निरीक्षण तंत्र के हिस्से के रूप में विश्लेषित किया जा सकता है। स्ट्रक्चर्ड फीडबैक लूप नेटवर्क विश्वसनीयता में सुधार करने और उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सहज मोबाइल कनेक्टिविटी अनुभव को सक्षम करने में योगदान देता है।

MySpeed उपभोक्ताओं के लिए उनके नेटवर्क प्रदर्शन को जानने के लिए विश्वसनीय, प्रामाणिक और बहुमुखी ऐप है। जब भी उपभोक्ता स्पीड से संबंधित कोई परेशानी या कनेक्टिविटी समस्या महसूस करें तो वे MySpeed टेस्ट कर सकते हैं। उपभोक्ताओं से मिलने वाली फीडबैक **डेटा-ड्रिवेन मॉनीटरिंग** को भी मजबूत करेगी और समय पर विनियामक को सपोर्ट करेगी।

**अध्यक्ष का वक्तव्य**

इस मामले पर टिप्पणी करते हुए, **भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी ने कहा:**

"TRAI DND App और TRAI MySpeed App के संशोधित संस्करणों का शुभारंभ, उपभोक्ता को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण, सार्थक मील का पत्थर है। ये संस्करण सुविधाजनक और सहज इंटरफेस प्रदान करने तथा वर्तमान आवश्यकताओं के लिए सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। उपभोक्ताओं के हाथों में ये सरल किंतु शक्तिशाली उपकरण उन्हें विकल्प का अधिकार और सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का विश्वसनीय मूल्यांकन करने की शक्ति प्रदान करते हैं। संशोधित ऐप, केवल टच करके किसी समस्या की रिपोर्ट करने में आसानी प्रदान करते हैं। ये ऐप्स उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाएंगे।

संशोधित TRAI MySpeed और TRAI DND एप्लिकेशन **Android और iOS प्लेटफॉर्म** पर उपलब्ध करवाने के लिए प्रक्रिया जारी है ।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण एक **पारदर्शी, जवाबदेह और उपभोक्ता-उत्तरदायी दूरसंचार इकोसिस्टम** को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है, जहां सशक्त नागरिक भागीदारी, स्पैम को रोकने और सेवा की गुणवत्ता को मजबूत करने में केंद्रीय भूमिका निभाती है।

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा
www.trai.gov.in

**भादूविप्रा के बारे में**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ट्राई अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक स्वतंत्र वैधानिक निकाय है। भादूविप्रा भारत में दूरसंचार, प्रसारण और केबल टीवी सेवा क्षेत्रों को विनियंत्रित करता है। हमारा लक्ष्य सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निष्पक्ष नियम, पारदर्शी प्रथाएं और सेवा की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

● नोट: भादूविप्रा एक विनियामक प्राधिकरण है और प्रत्यक्ष उपभोक्ता सेवाएं प्रदान नहीं करता है। व्यक्तिगत मुद्दों के लिए, कृपया अपने लाइसेंस प्राप्त सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

आधिकारिक अपडेट के लिए, भादूविप्रा को फॉलो करें:
X (पूर्व में ट्विटर) - @TRAI,
फेसबुक - @TRAI,
इंस्टाग्राम - @trai.official_,
लिंक्डइन - @trai-official_,
यूट्यूब - @TelecomRegulatoryAuthorityofIndia.